हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 26 जून 2025

## घातक हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** कोराडी पुलिस ने एक व्यक्ति को खतरनाक हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक लोहे का चाकू बरामद हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात करीब 3:20 बजे कोराडी पुलिस का एक जांच दल इलाके में गश्त कर रहा था। फुले नगर, कोराडी में राधाकृष्ण मंदिर के पास अंधेरे में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष प्रभुदयाल लाल (25 वर्ष, फुले नगर, कोराडी निवासी बताया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट के अंदर कमर में एक लोहे का चाकू मिला। पुलिस ने चाकू जब्त कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने के इरादे से यह चाकू अपने पास रखे हुए था और उसने निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया है। कोराडी पुलिस स्टेशन में आरोपी के मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# शहर में डीजल की जगह दौड़ेंगी ई-बसें

### > प्रदूषण घटाने की बड़ी पहल, अगले दो वर्षों में 850 ई-बसें सेवा में लाई जाएंगी

**नागपुर.**





शहर में प्रदूषण कम करने के लिए अब सिटी बस सेवा में डीजल बसों की जगह ई-बसें सड़कों पर दौड़ेंगी। इस साल के अंत तक मौजूदा डीजल से चलने वाली बसों को सेवा से हटा दिया जाएगा। चूंकि ई-बसें पर्यावरण के अनुकूल बसें हैं, इसलिए प्रदूषण कम होगा। अगले दो सालों में नागरिकों की सेवा के लिए नागपुर महानगरपालिका के बेड़े में कुल 850 ई-बसें शामिल की जाएंगी।

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मार्च 2023 में शहर के लिए ई-बसों की व्यवस्था की घोषणा की थी। सार्वजनिक परिवहन के लिए डीजल बसों की जगह पर्यावरण के अनुकूल और वातानुकूलित बसें लाने की योजना बनाई गई है। मनपा आयुक्त और प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने इस योजना का पालन किया। इसके चलते अप्रैल 2023 में नागपुर महानगरपालिका को राज्य सरकार की ओर से 137 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की गई है।

**डीजल बसों का बंद होना:** वर्ष 2009 में जवाहरलाल नेहरू शहरी कायाकल्प मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अंतर्गत नागपुर महानगरपालिका को 240 डीजल बसें मिली थीं। इन बसों की खरीद के 15 वर्ष बीत जाने के बाद इन बसों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्तमान में 76 डीजल बसें सेवा में हैं। इन बसों को आगामी दिसंबर तक बंद कर दिया जाएगा , ऐसा परिवहन प्रबंधक विनोद जाधव ने बताया। ई-बसों के सेवा में आने के बाद परिवहन विभाग का व्यय कम हो जाएगा। बसों के संचालन पर होने वाला घाटा 40 प्रतिशत कम होने की संभावना है, ऐसा विनोद जाधव ने बताया।

**30 ई-बसें सेवा में :** पहले चरण में, नागपुर महानगरपालिका को राज्य सरकार से प्राप्त निधि से 30 ई-बसें मिली हैं। इन बसों का हाल ही में मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्घाटन किया था। इन बसों के नए रूट निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है। अगले कुछ दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद, इन बसों को 1 जुलाई से सेवा में रखा जाएगा। वर्तमान में, महानगरपालिका में 445 बसें सेवा में हैं। इनमें से 214 ई-बसें हैं। इन बसों के लिए वाठोडा और खापरी में आगर (डिपो) बनाया जाएगा। इस योजना के तहत, शेष ई-बसों को विभिन्न चरणों में नागपुर में पेश किया जाएगा। इसमें 9 मीटर लंबाई की 230 ई-बसें और 12 मीटर लंबाई की 250 ई-बसें प्रदान की जाएंगी। अगले दो वर्षों में शहर के यात्रियों के लिए नागपुर महानगरपालिका के बेड़े में लगभग 850 ई- बसें उपलब्ध होंगी पीएम श्री योजना से नागपुर के लिए 150 बसें भी उपलब्ध होंगी।

### हवाई अड्डे से बस सेवा शुरू होगी

मनपा के परिवहन विभाग को ई-बसें मिलने के कारण हवाई अड्डे जाने वाले या विमान से आने वाले यात्रियों को शहर में लाने के लिए ई-बस सेवा शुरू की जाएगी , ऐसा परिवहन प्रबंधक विनोद जाधव ने बताया। विमान के समय को ध्यान में रखते हुए मनपा की ई-बसों की व्यवस्था यात्रियों के लिए की गई है। इससे हवाई अड्डे जाने वाले यात्रियों को ई-बसों की सुविधा मिलेगी। इसके लिए रूट तय किया जा रहा है।

### एक नया मार्ग निर्धारित किया जाएगा।

ई-बसों की संख्या बढ़ने के साथ ही शहर में सिटी बस परिवहन के लिए नए रूट की पहचान की जाएगी। साथ ही, जहां भी जरूरत होगी, मौजूदा रूट पर बस सेवाएं अधिक बार उपलब्ध कराई जाएंगी। वर्तमान में नागपुर में प्रतिदिन 1 लाख 40 नागरिक बस से यात्रा करते हैं। इसे बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे, ऐसा विनोद जाधव ने कहा।

# नागपुर हिंसा: मामले में कोर्ट ने 9 आरोपियों को दी जमानत

**नागपुर.**

17 मार्च को नागपुर शहर के महाल इलाके में दो समूहों के बीच झड़प और पथराव के बाद दंगे भड़क गए थे. इस हिंसा मामले को लेकर अब नई जानकारी सामने आई है. नागपुर दंगा घटना में 9 आरोपियों को कोर्ट ने जमानत दे दी है. मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने इन 9 आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के जुर्माने पर जमानत दी है. 17 मार्च को नागपुर के महाल इलाके में हिंसा और आगजनी हुई थी. इस मामले में नागपुर पुलिस ने 13 अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर सौ से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया था. इसी मामले में सेशन कोर्ट द्वारा आरोपियों की जमानत खारिज किए जाने के बाद आरोपियों ने जमानत के लिए मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर बेंच का दरवाजा खटखटाया था. इस पर आज सुनवाई हुई और कोर्ट ने 9 आरोपियों को जमानत दे दी है.

इस दौरान आरोपियों के वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि इन आरोपियों का नागपुर हिंसा मामले से कोई संबंध नहीं है। आज जमानत मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दंगों में शामिल होने के आरोपी 9 लोगों को जमानत दे दी। इनमें इकबाल अंसारी, एजाज अंसारी, अफसर अंसारी, इजहार अंसारी, अशफाकउल्ला, मुजम्मिल अंसारी, मोहम्मद राहिल, इफ्तिखार अंसारी और मोहम्मद यासिर को कोर्ट ने जमानत दे दी है। दूसरी ओर, इस मामले का मास्टरमाइंड



मोहम्मद फहीम खान और अन्य आरोपी अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं।

फहीम खान पर लगे आरोपों और पुलिस द्वारा चल रही जांच को देखते हुए कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। 17 मार्च को नागपुर में हिंसा भड़क गई थी और 18 मार्च को फहीम खान को गिरफ्तार कर लिया गया था और उसके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल फहीम खान नागपुर जेल में है। इस बीच, नागपुर जिला सत्र न्यायालय ने उसकी जमीन संबंधी अर्जी पर फैसला सुनाते हुए अर्जी खारिज कर दी है। .

# कामठी में फिर रोका गया बाल विवाह

### होने वाला था बाल विवाह, दुल्हन को हल्दी लग चुकी थी, मंडप भी था तैयार

**नागपुर / कामठी (सौमित्र नंदी)**

बुधवार को कामठी में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का बाल विवाह होने की सूचना नवीन कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले को मिली। उन्होंने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुस्ताक पठान को इसकी जानकारी दी। जिला महिला बाल विकास अधिकारी रंजीत कुरे ने तत्काल एक टीम गठित कर कामठी भेजी और पुलिस के सहयोग से बाल विवाह स्थल पर छापा मारा। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई कर बंद पत्र लिखवाया गया और नाबालिग लड़की को रेस्क्यू कर पुलिस के सहयोग से बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बाल गृह में भर्ती कराया गया।



कामठी में पिछले कुछ महीनों से बाल विवाह की शिकायतें बढ़ी हैं। यहां के मंगल कार्यालयों, डेकोरेशन वालों, कैटरिंग वालों और विवाह करवाने वालों को पुलिस नोटिस जारी करेगी। साथ ही, कामठी क्षेत्र में बाल विवाह को कैसे रोका जाए और नाबालिग लड़कियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए, इस बारे में पुलिस विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। यह कार्रवाई जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुस्ताक पठान, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधळे, संरक्षण अधिकारी साधना हटवार, दीप्ती मोडघरे, रुक्मिणी जंगलवार और ग्रामीण समस्या मुक्ति ट्रस्ट की वैष्णवी बावणे ने की।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले कामठी पुलिस थाना के अंतर्गत एक बैठक करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए जाएंगे कि बुकिंग, डेकोरेशन और विवाह संपन्न कराने वाले आधार कार्ड लिए बिना और लड़के और लड़की की उम्र की पुष्टि किये बिना कोई भी कार्य न करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे नाबालिग नहीं हैं।

# निर्माणाधीन शौचालय के गटर टैंक में गिरी 18 महीने की बच्ची, हुई मौत

**नागपुर.**

शहर के पारडी थाना क्षेत्र के हनुमान नगर, भांडेवाडी में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ 18 महीने की एक बच्ची की खुले गटर के चैंबर में गिरने से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे हुई, जब बच्ची अपने घर अंदर ही खेल रही थी। जानकारी के अनुसार, मृतक बच्ची की पहचान देवांशी शाम शाहु के रूप में हुई है, जो प्लॉट नंबर 31/32, हनुमान नगर, भांडेवाडी की



निवासी थी। खेलते-खेलते देवांशी अचानक घर में नये बन रहे शौचालय के खुले गटर के चैंबर में गिर गई और बेहोश हो गई। परिजन तुरंत उसे गटर से बाहर निकालकर उपचार के लिए पारडी स्थित भवानी अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने देवांशी को मृत घोषित कर दिया। फरियादी मनोज जमनाप्रसाद शाहु (42) की सूचना पर, पारडी पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है। इस घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

# बिखरे हुए केबल दे रहे हादसों को न्यौता

**नागपुर.**

एक ओर हमारा शहर विभिन्न समस्याओं से तो जूझ ही रहा है दूसरी ओर प्रशासन भी उन समस्याओं को हल्के अंदाज़ में ले रहा है। बहुत सी समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं जिनका समाधान नहीं निकाला जा रहा। इन समस्याओं के चलते एक समस्या केबल से संबंधित भी है , जो शहरवासियों के लिए दर्देसिर बनी हुई है। न जाने कितने लोग इसकी चपेट में आते होंगे। ये केबल इलेक्ट्रिक पोल और



छतों से गुज़रते हैं। बड़ी मात्रा में लिपटे हुए केबल को बांधकर लटका भी दिया जाता है। कहीं यही टूटे हुए केबल सड़कों पर पड़े दिखाई देते हैं। जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया सचिव , सिटीज़न जर्नलिस्ट डॉ एम ए रशीद ने शहरवासियों की सुरक्षा हेतु प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया है कि ऐसे मामलों में वह पारस्परिक सहयोग से कोई बेहतर समाधान निकाले जिससे कि किसी भी तरह के हादसों को रोका जा सके , फिर शहर उस समाधान से बेदाग़ भी दिखने लगेगा।

# चोरी की वारदात से पत्रकार क्लब में हड़कंप

### अध्यक्ष का मोबाइल और 54,000 नकद चोरी

**नागपुर.**

शहर के सिविल लाइंस स्थित पत्रकार क्लब में सोमवार तड़के चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर क्लब कार्यालय से 54,000 नकद और क्लब अध्यक्ष प्रदीप मैत्रा का कीमती मोबाइल फोन चुरा ले गए। चोरी की यह घटना सुबह करीब 3:22 बजे की बताई जा रही है। जिस के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आये हैं। अब इन्ही फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, चोर क्लब परिसर में बाल भारती की ओर से दीवार फांदकर दाखिल हुआ और सीधे कार्यालय में पहुंचा। वहां अलमारी तोड़कर नकदी निकाली और अध्यक्ष प्रदीप मैत्रा का करीब 1 लाख कीमत वाला मोबाइल फोन भी ले उड़ा। घटना का खुलासा सोमवार सुबह उस वक्त हुआ जब क्लब का स्टाफ रोज़ाना की तरह काम पर पहुंचा।

इसके बाद क्लब प्रबंधक राजेश साखरकर ने तुरंत सीताबर्डी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। सीताबर्डी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस को शक है कि यह चोरी पूर्व नियोजित थी। मामले की जांच जारी है और चोर की तलाश तेज़ कर दी गई है।

# हस्तशिल्प कारीगरों और विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

**नागपुर.**

विदर्भ हैंडीक्राफ्ट आर्टिसन्स वेलफ़अर एसोसिएशन नागपुर और एंटरप्रेन्योरशिप डेव्हलपमेंट सेल डॉ. आंबेडकर कॉलेज, दीक्षाभूमि नागपुर के बीच 24 जून 2025 को 11.40 बजे एमओयू साइन किया गया जिसमें आंबेडकर कॉलेज के छात्रों को हस्तशिल्प कौशल विकास संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा स्टूडेंट्स को विभिन्न गतिविधियों, परियोजनाओं के तहत सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। छात्रों को हस्तशिल्प कौशल विकास ट्रेनिंग, क्राफ्ट प्रदर्शन कार्यशाला, विपणन ट्रेनिंग, व्यक्तित्व विकास ट्रेनिंग, जागरूकता गतिविधियाँ, फ़ायनैन्स और बिज़नेस मेनज़मेंट ट्रेनिंग, ई-मार्केटिंग, प्रोफ़ेशनल डिस्कशन ट्रेनिंग, उत्पादन केंद्र और क्लस्टर का दौरा आदि एक्टीविटिस में भाग लेने का औसर दिया जाएगा। इसमें कुशल और अर्ध कुशल हस्तशिल्प कारीगरों से सीधी मुलाकात और अध्ययन कार्य किये जायेंगे। यह MOU विदर्भ हैंडीक्राफ्ट आर्टिसन्स वेलफ़अर एसोसिएशन नागपुर



से सचिव जफर अहमद, को -ऑर्डीनेटर प्रीति पेठे, सदस्य साइबा शेख और डॉ. आंबेडकर कॉलेज से प्रिंसिपल डॉ. दीपा पनहेकर , डॉ. डी. एच. पुट्टेवार एंट्रेप्रेनईयूरशिप डेव्हलपमेंट सेल इंचार्ज और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नम्रता प्रदन्याकर इत्यादि की उपस्तिथि में साइन किया गया । हस्तशिल्प कारीगरों और कॉलेज के छात्रों के लिए यह सुनहरा अवसर है। विदर्भ हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन और अंबेडकर कॉलेज एकत्र होकर छात्रों और कारीगरों के भविष्य को नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।

# कुख्यात गुंडे संकेत कनेरे पर लगा एमपीडीए

### गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**नागपुर.**

शहर के पुलिस आयुक्त ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कुख्यात अपराधी संकेत दिलीप कनेरे (24 वर्ष)प्लॉट नंबर 16, वाटे ले-आउट, लुबीनी नगर, मानकापुर निवासी पर एमपीडीए के तहत कार्रवाई की है। उसे गिरफ्तार नागपुर केंद्रीय कारागार में रखा गया है। पुलिस के अनुसार, संकेत दिलीप कनेरे के खिलाफ पुलिस थाना राणाप्रताप नगर, हिंगणा, तहसील और मानकापुर में हत्या के प्रयास, अपहरण, डकैती के दौरान जानबूझकर चोट पहुंचाना, घातक हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाना, लोक सेवक को कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करना, घातक हथियारों के साथ डकैती की तैयारी करना, डकैती के लिए इकट्ठा होना, आपराधिक धमकी देना, शांति भंग करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, अश्लील भाषा का प्रयोग करना, यौन उत्पीड़न, महिला का पीछा करना, नशीले पदार्थ रखना, नशीले पदार्थों का सेवन करना, चोरी, घातक हथियार रखना और निषेधाज्ञा का उल्लंघन जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। संकेत कनेरे पर वर्ष 2020, 2021, 2022 और 2023 में मानकापुर पुलिस स्टेशन द्वारा आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 110 (ई) (ग) के तहत कार्रवाई की गई थी। इसके बाद 2024 में भी इसी धारा के तहत कार्रवाई की गई थी और अच्छे व्यवहार के लिए अंतिम बंधन पत्र लिया गया था। हालांकि, उसने इस बंधन पत्र का उल्लंघन किया और तहसील व मानकापुर पुलिस थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास, लोक सेवक को कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, जानबूझकर चोट पहुंचाना, आपराधिक धमकी देना, शांति भंग करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान करना, अश्लील भाषा का प्रयोग करना, नशीले पदार्थ रखना, नशीले पदार्थों का सेवन करना, चोरी, घातक हथियार रखना और निषेधाज्ञा का उल्लंघन जैसे अपराध किए। संकेत जैसे खतरनाक व्यक्ति के आपराधिक कृत्य लगातार बढ़ रहे थे, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए, मानकापुर पुलिस ने उसके खिलाफ एमपीडीए का प्रस्ताव क्राइम ब्रांच के पास भेजा था। जिस पर मंजूरी देते हुए पुलिस आयुक्त ने उसे नाशिक केंद्रीय कारागृह में रखने का आदेश दिया। फिलहाल उसे गिरफ्तार कर नागपुर मध्यवर्ती कारागृह में रखा गया है।

# ऑपरेशन थंडर : नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय परिषद से मादक पदार्थों के खिलाफ नई चेतना

**नागपुर.**

शहर पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल की संकल्पना से शुरू किए गए "ऑपरेशन थंडर अभियान के अंतर्गत, आज एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन राष्ट्रीय परिषद का आयोजन किया गया। यह आयोजन "अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस की पूर्वसंध्या पर किया गया। इस मौके पर 20 से 26 जून 2025 तक "मादक पदार्थ विरोधी जनजागरूकता सप्ताह" मनाया जा रहा है। ऑनलाइन परिषद का आयोजन नागपुर पुलिस विभाग द्वारा ज़ूम, यूट्यूब और टेलीग्राम के माध्यम से किया गया, जिसमें देशभर के नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तीन सत्रों के माध्यम से विशेषज्ञ वक्ताओं ने मादक पदार्थों



की समस्या, रोकथाम, शिक्षा की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर अपने विचार साझा किये । प्रथम सत्र (10:30 बजे से 12:00 बजे तक) में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों जैसे वि. वेणुगोपाल रेड्डी (भा.प्र.से.), विनीता सिंगल, संजय कुमार सिंह, डॉ. मनाली रणदिवे और डॉ. राज गजभिये ने जनजागरूकता और नीतियों पर मार्गदर्शन किया। दूसरे सत्र (12:20 बजे से 13:50 बजे तक) में शिक्षा क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं में सपना शर्मा (नशामुक्ति केंद्र), डॉ. मीना देशमुख, डॉ. ऋचा शर्मा (केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय), डॉ. रवि चव्हाण (मेयो हॉस्पिटल) और रोहित शर्मा (एनजीओ: ड्रग्स फॉर वर्ल्ड) शामिल रहे। तीसरे और अंतिम सत्र (14:10 से 15:40 बजे तक) में वैश्विक व राष्ट्रीय मादक पदार्थ प्रवृत्तियों तथा चुनौतियों पर चर्चा हुई। इसमें प्रमुख वक्ता नवल बजाज, राजेश धाबरे, स्वच्छद चव्हाण, अशोक चक्रवर्ती और गौरव देशमुख (सभी वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी) शामिल हुए।

इस पूरे आयोजन में नागपुर पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल सहित अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम स्कूलों और कॉलेजों में स्क्रीन के माध्यम से सुलभ कराया गया, जिसमें भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पुलिस भवन के ऑडिटोरियम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और अन्य स्थलों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे 26 जून को रेशीमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट सभागृह में आयोजित ऑफलाइन राष्ट्रीय परिषद में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस जनआंदोलन को बल प्रदान करें।

# गंगा जमुना में हुई चाकू की नोंक पर लूटपाट

### > क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने तांत्रिक जांच के चलते लकडगंज थाना क्षेत्र के गंगा जमुना परिसर में हुई जबरी लूट की गुत्थी सुलझा ली गई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई रकम व घटना में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 1,06,000 रुपये का माल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 22 जून 2025 को रात करीब 11:40 बजे घटी, जब फिर्यादी रमेश विष्णु देवांगण (34) प्लॉट नं. 59, कावरापेठ निवासी अपने मित्र सचिन राठोड (37) म्हालगी नगर निवासी के साथ वसुली का 55,000/- रुपये लेकर अपनी चारपहिया ह्युंदई कार (क्रमांक एमएच 49 सी एल 6463) से जा रहे थे। वे बालाजी मंदिर की ओर जाने वाले गंगाजमुना मार्ग पर रुके थे, तभी एक्टिवा दोपहिया पर




सवार दो अज्ञात आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पहले फरियादी पर गांजा सप्लाई करने का झूठा आरोप लगाकर धमकाया और फिर चाकू दिखाकर उनके पास से 4,500 रुपये जबरन छीन लिए और फरार हो गए।

फिर्यादी की शिकायत पर लकडगंज थाने में आईपीसी की धारा 309(4), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। इस गंभीर अपराध की समांतर जांच में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तांत्रिक विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों का पता लगाया। सटीक जाल बिछाकर पुलिस ने हिमांशु नामदेव चिंचुलकर (25), निवासी भरतवाडा रोड, ओम नगर, कलमना फैजान अन्वर शेख (24), निवासी गंगाजमुना सिमेंट रोड, लकडगंज को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटर (क्रमांक एम एच 49 सीए 8067, अनुमानित कीमत 1 लाख रुपये) और नकद 6,000/- रुपये जब्त किए। इस प्रकार कुल 1,06,000/- रुपये का माल बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि पकड़े गए दोनों ही आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और वे शहर की बदनाम बस्ती गंगा जमुना आने वाले ग्राहकों को अक्सर लूटपाट का शिकार बनाते हैं।

इससे पहले भी उनके खिलाफ इस परिसर में लूटपाट के मामले दर्ज हैं। यह कार्यवाही पोलीस उप आयुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर तथा सहा. पोलीस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट क्रमांक 3 के अधिकारी व अंमलदारों ने की।

# वलनी सरपंच पद का फैसला अब जनता के हाथों में

## > कल होगी विशेष ग्रामसभा, वोटिंग से तय होगा भविष्य

**खापरखेड़ा.**

नागपुर जिले के वलनी ग्रामपंचायत में सरपंच पद को लेकर चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच चुका है। 27 जून 2025 को दोपहर 12 बजे जिल्हा परिषद मराठी शाला, वलनी में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्रामवासी वोटिंग के माध्यम से यह तय करेंगे कि वर्तमान सरपंच अरविंद हीरामण गजभिये को पद पर बनाए रखना है या नहीं।




वलनी ग्रामपंचायत के कुल 17 सदस्यों में से 14 ने गजभिये के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया था, जिसे 16 जनवरी को ग्रामसभा में पारित भी किया गया। हालांकि सरपंच ने इस निर्णय को अदालत में चुनौती दी, जिसके चलते जिलाधिकारी ने इस पर स्थगन आदेश जारी किया था। अब उपजिल्हाधिकारी द्वारा प्रस्ताव को वैध ठहराते हुए ग्रामसभा में पुनः मतदान कराने का निर्देश जारी किया गया है।

विशेष बात यह है कि 18 दिसंबर 2023 को वलनी में सरपंच का सीधा चुनाव जनता के माध्यम से हुआ था, और अब फिर से जनता के वोट से यह तय होगा कि सरपंच बने रहेंगे या नहीं।

यह नागपुर जिले में पहली बार हो रहा है कि अविश्वास प्रस्ताव पर सीधे ग्रामसभा में मतदान कराया जा रहा है।

### उपसरपंच पहले ही हटाए जा चुके हैं

गौरतलब है कि वलनी के उपसरपंच लईक अंसारी को तीन संतान होने के कारण 31 जनवरी 2025 को पद से अपात्र घोषित कर दिया गया था। यदि अब सरपंच अरविंद गजभिये भी पद से हटते हैं, तो ग्रामपंचायत के दोनों शीर्ष पद रिक्त हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में वहां प्रशासक की नियुक्ति की प्रबल संभावना है। गांव में इस निर्णय को लेकर भारी राजनीतिक चर्चा है और ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के जुटने की संभावना जताई जा रही है।

# खापरखेड़ा में प्रो कबड्डी लीग मैट का लोकार्पण

## > हर खेल के लिए इंडोर स्टेडियम निर्माण का होगा प्रयासः विधायक डॉ. आशीष देशमुख

**खापरखेड़ा.**




खापरखेड़ा स्थित बिजलीघर के मनोरंजन सभागृह क्रमांक 2 में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रो कबड्डी लीग मैट का लोकार्पण विधायक डॉ. आशीष देशमुख के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए खापरखेडा में सभी खेलों के लिए एक सुसज्जित इंडोर स्टेडियम निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजीव पोतदार ने की। मंच पर रामराव मोवाडे, रमेश जैन, श्यामराव सरोदे, सरपंच शालिनी चवरे, वंशिका चवरे, प्रशिक्षक प्रशांत जालंदर तथा राहुल गाढवे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली वंशिका चवरे, कबड्डी प्रशिक्षक प्रशांत जालंदर और आशीष फुटाणे का शाल व श्रीफल देकर सत्कार किया गया।

राज्य के राजस्व मंत्री एवं नागपुर जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे के प्रयासों से जिला नियोजन समिति की निधि से 10 लाख रुपये मूल्य की प्रो कबड्डी मैट उपलब्ध कराई गई, जिसे स्वर्ण भारत क्रीड़ा मंडल, खापरखेडा को सौंपा गया।

कार्यक्रम का संचालन मोरेश्वर राठौड़ ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रशिक्षक प्रशांत जालंदर ने किया। आयोजन की सफलता में विलास महल्ले, अनेस चवरे, नितिन गोस्वामी, विपिन नाइक, राजेश गायकवाड़, अभय मिश्रा, योगेश जालंदर, कमलेश भास्कर, सचिन नागरकर, मयूर घागरे, राकेश बर्वे, पंकज मोटघरे, यशवंत दुपारे, फिरोज शेख, सागर कंटाळे, बंटी जिकार, प्रतीक मुरकुटे, कुणाल देहारे, मयूर गावंडे, अवि वानखेडे, तुषार कडू, अमोल मेश्राम, यश तराळे और कुणाल मेश्राम समेत कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## > युवाओं को उम्मीद है विधायक चरणसिंह ठाकुर से

# कोंढाली में खेल मैदान की सख्त जरूरत

**कोंढाली.**

कोंढाली क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए एक सुव्यवस्थित खेल मैदान की मांग अब और भी ज़्यादा ज़ोर पकड़ती जा रही है। ग्रामीण भारत को प्रतिभाओं का पावरहाउस कहा जाता है, परंतु बुनियादी सुविधाओं के अभाव में इन प्रतिभाओं को सही मंच नहीं मिल पा रहा। कोंढाली, जो हाल ही में ग्राम पंचायत से नगर पंचायत में परिवर्तित हुआ है, वहां भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। युवाओं के पास न तो पर्याप्त अभ्यास स्थान है और न ही कोई बहुउद्देशीय खेल परिसर।

पूर्व विधायक अनिल देशमुख द्वारा वर्ष 2021-22 में सोनेगांव के सर्वे क्रमांक 1 स्थित झुडपी भूमि (0.98 हेक्टेयर) का खेल मैदान के रूप में निरीक्षण किया गया था। इस



जमीन का 2/3 प्रस्ताव वन विभाग को भेजा गया था, लेकिन बाद में इस भूमि को 'झुडपी जंगल' में वर्गीकृत कर दिया गया, जिससे कानूनी अड़चनें सामने आईं। तब से लेकर आज तक यह मांग लंबित है। कोंढाली नगर पंचायत के प्रशासक धनंजय बोरीकर द्वारा बालकों के लिए क्रिकेट टर्फ का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, लेकिन युवाओं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए समुचित सुविधा अब भी दूर की बात है।

पूर्व सरपंच केशवराव धुर्वे और उपसरपंच स्वप्निल व्यास ने बताया कि कोंढाली क्षेत्र में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल एक उचित मैदान की। इस दिशा में जिला परिषद सदस्य सलील देशमुख ने भी तत्कालीन राज्य खेल मंत्री आदिती तटकरे से चर्चा की थी, परंतु सरकार बदलने के साथ ही यह पहल ठंडे बस्ते में चली गई।

अब नगरवासियों और युवाओं को नव निर्वाचित विधायक चरणसिंह ठाकुर से उम्मीद है कि वे इस मुद्दे पर प्राथमिकता के साथ पहल करेंगे। जिले के पालकमंत्री, जिलाधिकारी, वन विभाग, खेल विभाग और स्थानीय प्रशासक के साथ बैठक कर इस जमीन को खेल परिसर के रूप में विकसित करने का रास्ता साफ करें। ग्रामीण भारत की तरह कोंढाली में भी खेलों को संस्कृति बनाने की दिशा में खेल मैदान एक बुनियादी आवश्यकता है। भारत सरकार की 'खेलो इंडिया' और अन्य योजनाओं की सफलता तभी संभव है जब जमीनी स्तर पर इस प्रकार के प्रयास तेज़ी से क्रियान्वित हों।

# पारशिवनी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नन्हे-मुन्नों ने किया योगाभ्यास

## > शिक्षिका सिद्धु चव्हाण के निवास पर मनाया गया योग उत्सव

**पारशिवनी.**



शिक्षिका सिद्धु चव्हाण के निवास पर मनाया गया योग उत्सव

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पारशिवनी में शिक्षिका सिद्धु चव्हाण के निवास स्थान पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सिद्धु ने बच्चों को योग का जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि, "नियमित योगाभ्यास से न सिर्फ मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्थिति भी मजबूत होती है।" उन्होंने बच्चों को स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में बच्चों ने मिलकर विभिन्न योगासन किए और योग के लाभों को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

समापन पर सिद्धु ने सभी बच्चों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पिपला (डा. बं.) हत्याकांडः पांच आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**खापरखेडा.**












पिपला डाक बंगला क्षेत्र में पूर्व वैमनस्य के चलते हुई अतुल पाटिल की हत्या के मामले में खापरखेडा पुलिस ने अब तक कुल पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ अदालत ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

जेल भेजे गए आरोपियों में हिमांशु कुंभलकर, विष्णु कोक्कड़े, रजत वाट, चेतन तलमले और हितेश ढगे के नाम शामिल हैं। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि हत्या की यह वारदात आपसी रंजिश के कारण हुई थी।

मुख्य आरोपी हिमांशु कुंभलकर ने अकेले ही अतुल पाटिल की हत्या को अंजाम दिया, जबकि रजत वाट ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू मुहैया कराया था। अन्य आरोपी भी इस हत्या की साजिश रचने में शामिल थे और उन्होंने कई बैठकों के जरिए इस योजना को अंजाम देने की भूमिका निभाई। पुलिस ने इस आधार पर सभी आरोपियों को साजिश का हिस्सा मानते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की जांच अभी जारी है और पूरे प्रकरण की तह तक जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# दिनेश बिल्लरवान का शासकीय तंत्र निकेतन में हुआ सत्कार

**कामठी.**



शासकीय तंत्र निकेतन नागपुर में कार्यरत कर्मचारी दिनेश बिल्लरवान ने अपने पद से इस्तीफा दिया, उन्होंने स्वेच्छा सेवा निवृति लिया है।

आयोजित एक कार्यक्रम में शासकीय तंत्र निकेतन नागपुर के प्राचार्य मोगरे ने सेवानिवृति समारोह में दिनेश बिल्लरवान का शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस सत्कार समारोह में प्रमुख रूप से यंत्र अभियंता विभाग प्रमुख डॉक्टर उमाडे सर, अनु विद्युत विभाग प्रमुख मानकर सर , यनकर सर और अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की राष्ट्रीय सह सचिव सौ.रचना बिल्लरवान व शासकीय तंत्र निकेतन के सभी विभाग प्रमुख और शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे दिनेश बिल्लरवान ने बताया शासकीय सेवा में मैने अनेक कार्य किए जिसके कारण मुझे प्रशस्तिपत्र भी मिला। समाजिक सेवा करने का लक्ष बचपन से ही उठाया था, उन्होंने कोविड में कीट, अन्यदान, अनाथालय में कपड़े वितरण, वैद्यकीय सेवा, अनाथ बच्ची का विवाह, स्वयंरोजगार योजना, महात्मा फुले योजना, बाढ़पीड़ितों, रक्तदान, सफाई कर्मचारी से लेकर अनेक योजनाओं पर कार्य किये, स्वेच्छा सेवा निवृति के बाद अब वह पूर्ण तहः से समाजिक सेवा प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने ये भी बताया सरकार की अनेक योजनाऐं आती हैं पर आखरी पंक्ति में बैठे अनेक लोगों को उसका लाभ नहीं मिलपाता कारण उस योजनाओं का प्रचार प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में बरोबर नहीं हो पाता जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का फायदा पूर्णतः से नहीं मिल पाता, उन्होंने बताया कि महसूल मंत्री व पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के दिशानिर्देश पर कार्य करेंगे। उन्हें वो अपना राजनीति गुरु मानते हैं अपना आदर्श मानते है।

# 'श्रेश्री' द वॉयस अकादमी का भव्य वार्षिक दीक्षांत समारोह संपन्न

## > नन्हे कलाकारों ने गीत-संगीत से मोहा मन, 'सुपर चाइल्ड' बनी अबिगैल फ्रांसिस

**नागपुर.**



'श्रेश्री' द वॉयस अकादमी का दो दिवसीय वार्षिक दीक्षांत समारोह भव्य रूप से लेवरेज ग्रीन पार्क, आर्या नगर स्थित क्लब हॉल में आयोजित किया गया। इस आयोजन की अगुवाई अकादमी की संचालिका पारोमिता राय ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगीताचार्य समर सेन, भरतनाट्यम गुरु प्रमिला उन्नीकृष्णन (श्रीकृष्ण नृत्यालयम), तथा विशारद संगीत शिक्षिका शिखा चक्रवर्ती (गंधर्व महाविद्यालय) की गरिमामयी उपस्थिति रही। राय ने सभी अतिथियों का शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने 'या चंडी' जैसे दुर्गा भजन से कार्यक्रम को संगीतमय आरंभ दिया। इस दौरान प्री-प्राइमरी से लेकर सुपर सीनियर्स तक की विभिन्न कैटेगरी के छात्रों ने सुर, लय, और वाद्य यंत्रों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसमें विशेष रूप से 'जजेस चॉइस सुपर चाइल्ड अवॉर्ड' अबिगैल फ्रांसिस को प्रदान किया गया, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। उल्लेखनीय प्रतिभागियों में आराध्या बुधे, अवनीश सेलुकर, नायरा सेलुकर, ध्रुव वर्मा, ईशानी ठाकुर, सानवि भंडारकर, श्रीराही देशपांडे, रुद्रा कोलते, जिया पांतोने, श्रीनिवास दत्ता, पृशा सिंह, हृदया नारनवारे, आरुषि राउत, मानवी गुजराती, स्वप्निल भंडाककर, अनुराग सरदार, इंसिया अख्तर, पर्ल मसीह, सिद्धेश्वर कामले, अश्विन नारनवारे और कई अन्य बच्चों की प्रस्तुतियाँ सराहनीय रहीं।कार्यक्रम का सुंदर संचालन युवराज चौधरी ने किया।

दो दिवसीय इस समारोह ने न केवल विद्यार्थियों की कला को मंच दिया, बल्कि अभिभावकों और संगीतप्रेमियों को एक अविस्मरणीय अनुभव भी प्रदान किया।

# संघमित्रा वंदना संघ ने मनाया वर्धापन दिन




**कन्हान.**

पानतावणे कॉलेज के सभागृह में रविवार को संघमित्रा वंदना संघ द्वारा आठवां वर्धमान दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विजय पाटिल की अध्यक्षता में प्रमुख रूप से डॉ. प्रदीप डोंगरे, समता सैनिक दल के नाग दिवकर, रेखा पाटील, विजय ऊके, समता दल के गणेश पानतावणे, शीला बागडे, सरिता धारगावे अध्यक्ष संघमित्रा संघ आदि की स्थिति में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में दसवीं कक्षा के उत्तीर्ण्य छात्राओं मे कुमारी श्रावणी ठवरे द्वारा पचासी प्रतिशत अंक प्राप्त किए जाने पर सत्कार किया गया।

कार्यक्रम में हरिदास धारगावे अशोक पाटिल, कन्हैया भेलावे, शरद मेश्राम, प्रमोद बागडे, राजेश जनबंधु, कल्पना पाटिल, रमा मेश्राम, मीरा गौरखेड़े, केसर मेश्राम, जीजा थोरात, गुड्डी सागोडे, अर्चिता फुलझेले, ज्योत्सना ठवरे, माधुरी देशपांडे, सोनू गणवीर, अनिता पाटील, आशा मेश्राम, विशाखा ठमके, संगीता रामटेके आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन गौतमी गजभिए ने किया।

# कडोली के सरपंच लक्ष्मण करारे का पालक मंत्री के हाथों सम्मान



**कामठी.**

कडोली ग्राम पंचायत के सरपंच और सरपंच परिषद संघ के विदर्भ अध्यक्ष लक्ष्मण करारे को हाल ही में महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और नागपुर जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए शॉल, श्रीफल और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दीप प्रज्वलित कर और भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर की। इस अवसर पर नागपुर जिला भाजपा महामंत्री अनिल निधान, नागपुर जिला भाजपा महिला आघाडी अध्यक्ष अनुराधा अमीन, जिला परिषद पूर्व सदस्य मोहन माकड़े, पंचायत समिति पूर्व सभापति उमेश रडके, रमेश चिकटे, अनीता चिकटे, कामठी तालुका भाजपा अध्यक्ष सचिन घोडमारे, भाजपा कोराडी मंडल अध्यक्ष ब्रह्मा काले, गुमथाला की सरपंच प्रणाली डाफ, दिघोरी के सरपंच सुनील डाफ, भोवरी के सरपंच ऋषि भेंडे, गादा के सरपंच सचिन डांगे, कवठा के सरपंच निलेश डफरे, पवनगांव की सरपंच नेहा राउत, घोरपड़ की सरपंच तारा कडू, लिहीगांव की सरपंच स्मिता खांडेकर आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे।

सम्मान समारोह के दौरान मार्गदर्शन करते हुए पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास में सरपंचों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है।

इसके लिए सरपंचों को गांव के विकास के लिए विभिन्न प्रस्ताव सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का बड़े पैमाने पर लाभ उठाकर गांव के विकास के लिए हमेशा प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रास्ताविक योगेश डाफ ने किया, संचालन ग्राम विकास अधिकारी उदय चांदूरकर ने और आभार प्रदर्शन उपसरपंच महेश कृपाले ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# काटोल शहर के इतिहास में पहली बार 'मिसेस महाराष्ट्र' का भव्य आयोजन संपन्न

## > विदर्भ का गौरव बनी सौंदर्य प्रतियोगिता, 75 प्रतिभागियों ने दिखाई दमदार उपस्थिति

**काटोल.**

शहर के इतिहास में पहली बार 22 जून को तिरुपति ऑडिटोरियम में "मिसेस महाराष्ट्र" सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता पूर्वा बरई (मिसेस महाराष्ट्र 2020) की संकल्पना पर आधारित थी, जिसमें "विदर्भ का गौरव" नामक शीर्षक के अंतर्गत सौंदर्य, आत्मविश्वास और प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया।




इस प्रतियोगिता में विदर्भ के विभिन्न जिलों से कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें पाँच श्रेणियों – प्रिन्सेस, प्रिंस, मिस, मिसेस और मिस्टर – में बाँटा गया था। सभी प्रतिभागियों को मंच पर बेहतर प्रदर्शन के लिए मुंबई से आई इमेज कंसल्टेंट निशिता सुवर्णा और फैशन कोरियोग्राफर राहुल कांबले द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आयोजन की संपूर्ण तैयारी में पूर्व नगरसेवक संदीप वंजारी और स्वेतल सावरकर ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में प्रिन्सेस श्रेणी में वेदश्री गिरडकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आस्था मुरोलिया और आराध्या रहाटे ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। प्रिंस श्रेणी में आरव घोरसे ने बाज़ी मारी, रिद्धांत तिवसकर को दूसरा और हेरंभ सावरकर को तीसरा स्थान मिला।

वहीं मिस श्रेणी में गार्गी पुनसे पहले स्थान पर रहीं, जबकि मैथिली गाढ़वे और मधुरा साठोने को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। मिसेस श्रेणी की विजेता पूर्णिमा गिरी रहीं, मनीषा पंचेश्वर दूसरे और विनीता गंगभोज तीसरे स्थान पर रहीं। मिस्टर श्रेणी में अमन पठान पहले स्थान पर रहे, शैलेश कुमार को दूसरा और रोहित प्रजापति को तीसरा पुरस्कार मिला।

इस प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक तुषार घोडे ज्वेलर्स रहे, जबकि केयूर घोडे, समर्थ ऑटोमोबाइल, हंसा बेकर्स, वेक अप मिनरल वाटर, फैमिना मेकओवर, डॉ. जोगेकर डेंटल हॉस्पिटल और तनिष्का राउत की टीम ने प्रतियोगियों की तैयारी में सहयोग दिया।

कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में निशिता सुवर्णा, राहुल कांबले, मिसेस इंडिया 2018 फर्स्ट रनर अप सोरते, और हनी खट्टर जैसे प्रतिष्ठित चेहरे शामिल थे। आयोजन के मुख्य सूत्रधार पूर्वा देवेंद्र बरई (मिसेस महाराष्ट्र 2020 एवं मिसेस विदर्भ 2019), मयूर मुरोडिया और गैलेक्सी इवेंट एंड एंटरटेनमेंट संस्था रहे।

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता और मुख्य अतिथि वंदना चरणसिंह ठाकुर, दीपशिखा जतिन जयसवाल और सयाली तुषार घोडे रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में भागवत पाटिल (नायब तहसीलदार, काटोल) और राकेश सिंह (सोनाताई पांडव कॉलेज के ओनर) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए संदीप वंजारी, पूर्वा बरई, स्वेतल सावरकर और डॉ. देवेंद्र बरई ने अथक मेहनत की। कार्यक्रम विदर्भ क्षेत्र के सौंदर्य व फैशन जगत के लिए एक प्रेरणास्पद मंच बनकर उभरा, जो आने वाले वर्षों में और भी बड़े स्तर पर आयोजित किए जाने की उम्मीद के साथ संपन्न हुआ।

# बच्चू कडु जिला बैंक के अध्यक्ष, निदेशक बने रहेंगे

## हाईकोर्ट ने संभागीय सह पंजीयक के आदेश पर रोक लगाई

**अमरावती.**

पूर्व मंत्री बच्चू कडू ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष पद से उन्हें अयोग्य ठहराने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने बच्चू कडू को राहत देते हुए संभागीय सह पंजीयक के आदेश पर रोक लगा दी है। इसलिए बच्चू कडू फिलहाल जिला बैंक के अध्यक्ष और निदेशक बने रहेंगे।



